कार्यालय प्रधानाचार्य :: राजकीय मेडिकल कालेज :: जालौन (उरई)।

संख्या /अधि0–2/रा0मे0का0/2024 दिनांकः– 05/11/2024

सेवायोजन विज्ञाप्ति सूचना

राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) में चिकित्सालय प्रबन्धन हेतु 03 नॉन पी0जी0 जे0आर0 (**अस्पताल प्रशासन**) के पदों पर चयन हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैः–

नॉन पी0जी0 जे0आर0 (**अस्पताल प्रशासन**) के पदों का विवरण–

क्र0 सं0	विशिष्टता	पदों की संख्या	शैक्षणिक अर्हता	वेतनमान
1	नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन)	03	मान्यता प्राप्त एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन।	वेतन बैण्ड रू0 15600–39100, पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 रू0–56100–177500।

नियम/शर्ते/निर्देशः–

1– उक्त पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार प्रत्येक मंगलवार (अवकाश के दिनों को छोड़कर) को पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 02:00 बजे तक राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) के प्रधानाचार्य कार्यालय के प्रथम तल में स्थित सभागार में आयोजित होगा।

2– साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र के साथ समस्त अंकतालिकाओं एवं प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित छायाप्रति के साथ 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। निर्धारित प्रारूप किसी भी कार्यदिवस में प्रधानाचार्य कार्यालय से अथवा चिकित्सा महाविद्यालय की वेवसाइट https://gmcjalaun.com/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

3– पदो की संख्या घट–बढ़ सकती है।

4– जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों का न्यूनतम कार्यकाल 3 माह अथवा अधिकतम 1 वर्ष का होगा।

5– उक्त पदों पर आरक्षण राज्य सरकार द्वारा जारी मौजूदा नियमों एवं शासनादेशों के अनुसार देय होगा।

6– साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता/अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज,
जालौन (उरई)।

संख्या 2653/तद्दिनांक...............

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति सूचना को महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।

2– **समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, कानपुर/ प्रयागराज/ झाँसी/गोरखपुर / अम्बेडकरनगर/कन्नौज/मेरठ/आगरा/बॉदा/आजमगढ़/बदायूँ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त नोटिस को अपने चिकित्सा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने की कृपा करें।**

3– चयन समिति/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/समस्त विभागाध्यक्ष,राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन (उरई)।

4– नोडल अधिकारी (बेवसाइट), राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन (उरई) को कॉलेज बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज,
जालौन (उरई)।